राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

दिनांकः– 26.11.2015

–:: प्रेस नोट ::–

महिला पर्यवेक्षेक सीधी भर्ती परीक्षा–2015 का दिनांक 29.11.2015 को सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड की ओर से महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2015 का राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर 732 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजन किया जा रहा है। बोर्ड अध्यक्ष श्री आर0 के0 मीना ने बताया कि बोर्ड की यह पहली परीक्षा है जो कि सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा दिनांक 29.11.2015 को प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह पश्चात् 01 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए बोर्ड की ओर से प्रभावी कार्यवाही की गई है, जिसके तहत परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व भलिभांति तलाशी लेने के निर्देश सभी जिला कलक्टर्स व पुलिस अधीक्षकगण को दिये गये है।

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी पारदर्शी बाल पेन के अलावा प्रवेश–पत्र, पहचान पत्र एवं एक फोटो ही ले जा सकेंगे। इस संबंध में बोर्ड की ओर से विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञप्ति भी दी गई है। बोर्ड अध्यक्ष श्री आर0 के0 मीना ने यह भी बताया कि उपरोक्त परीक्षा में नकल के अनुचित साधनों की रोकथाम एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाईसेस (मोबाईल, ब्लूटूथ आदि) का उपयोग रोके जाने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर्स भी बोर्ड की ओर से लगाये जा रहे हैं। उपरोक्त परीक्षा में जो भी अभ्यर्थी नकल के अनुचित साधनों का उपयोग करता हुआ पाया गया। ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही बोर्ड की ओर से की जावेगी।

उपरोक्त परीक्षा में शामिल होने वाले अन्धे/दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को प्रति घण्टा 20 मिनट का अतिरिक्त समय प्रश्न–पत्र हल करने हेतु दिये जाने का भी बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है। अन्धे/दृष्टिबाधित अभ्यर्थी को उपरोक्त परीक्षा में एक घण्टे का अतिरिक्त समय प्रश्न–पत्र हल करने हेतु दिया जायेगा।

महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2015 के सफल एवं स्वतंत्र आयोजन हेतु बोर्ड की ओर से बोर्ड कार्यालय में दिनांक 28.11.2015 से ही नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसके नम्बर 0141–2722520 है। इसी प्रकार सभी जिला मुख्यालयों पर भी जिला कलक्टर्स के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये है।

(सांवर मल वर्मा)
सचिव